<u>ई-मेल द्वारा</u>

सं.वी-22011/19/2016-एनसीडी-II
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
(एनसीडी-II अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108
दिनांक : 19 जुलाई, 2017

<u>रिक्ति परिपत्र</u>

विषय: निदेशक, चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता के पद को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करने के संबंध में।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली के अधीन एक स्वायत्त संस्थान- चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, (सीएनसीआई) कोलकाता के निदेशक के पद को वेतन बैंड रु. 37400-67000 (पीबी-4) तथा ग्रेड वेतन रु. 10,000/- (संशोधन-पूर्व) में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (अल्पकालीन अनुबंध सहित) आधार पर भरने का प्रस्ताव है।

2. सीएनसीआई, कोलकाता द्वारा विज्ञापन सं. 528/2017 के माध्यम से जारी विज्ञापन-जिसमें योग्यताओं, अनुभव के विवरण एवं अन्य सूचना और आवेदन-प्रारुप दिए गए हैं, संलग्न हैं। रिक्ति विज्ञापन सीएनसीआई कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइट http://cnci.org.in/tender/wp-content/uploads/2012/06/ADV No-528/2017/pdf तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट (www.mohfw.nic.in) पर भी देख सकते हैं।

3. अनुरोध है कि इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदन-पत्र, इस कार्यालय-ज्ञापन के परिचालन के 4 सप्ताह के अंदर इस विभाग को अग्रेषित कर दें। आवेदन-पत्र, निर्धारित प्रारुप में उचित संस्तुति तथा कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की एपीएआर, सतर्कता, अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बडी/छोटी शास्ति, के विवरण के साथ संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी के माध्यम **<u>से (उचित माध्यम द्वारा) अवर सचिव, (एनसीडी-II), स्वास्थ्य एवं परिवार क्लयाण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग , निर्माण भवन, कमरा नं. 434-सी, नई दिल्ली- 110108 के पास पहुँच जाने चाहिए।</u>**

योगेन्द्र

(योगेन्द्र कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नक: यथोक्त

प्रति

सभी मंत्रालय/विभाग/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/अनुसंधान संस्थान

प्रतिलिपि: - निदेशक , एनआईसी, कम्पयूटर प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली को यह रिक्ति परिपत्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिकारिक वेबसाइट अपलोउ करने हेतु प्रेषित।